भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2116
उत्तर देने की तारीख 06.08.2026

सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए भवनों का निर्माण

2116. श्री एस. सेल्वागनबेथी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसे मामलों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है जहां सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए भवनों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई;

(ख) क्या संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी को अब तक ऐसी सहायता प्राप्त हुई है और यदि हाँ, तो इस संबंध में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ग) क्या सरकार प्रदान की गई सहायता राशि बढ़ाने पर विचार करेगी, क्योंकि वर्तमान सहायता राशि निर्माण लागत के लिए पर्याप्त नहीं है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संस्कृति मंत्रालय 'स्टूडियो थियेटर सहित भवन निर्माण अनुदान हेतु वित्तीय सहायता' और 'टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता' नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए भवनों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भवन निर्माण अनुदान स्कीम और टीसीसी स्कीम के अंतर्गत मामलों की संख्या का विवरण **अनुलग्नक-I** और **II** पर दिया गया है।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान, संघ राज्य क्षेत्र पुद्दुचेरी में 'स्टूडियो थियेटर सहित भवन निर्माण अनुदान हेतु वित्तीय सहायता' और 'टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता' स्कीम के अंतर्गत कोई वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है।

(ग): संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत स्कीमों का मूल्यांकन समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार किया जाता है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 2116 के भाग (क) के उत्तर में 'स्टूडियो थियेटर सहित भवन निर्माण अनुदान हेतु वित्तीय सहायता' से संबंधित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24		2024-25		2025-26	
		संगठनों की संख्या	राशि	संगठनों की संख्या	राशि	संगठनों की संख्या	राशि
1.	आंध्र प्रदेश	0	0	0	0	0	0
2.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0
3.	असम	0	0	0	0	2	16.7
4.	बिहार	1	6	0	0	2	15
5.	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0
6.	छत्तीसगढ़	0	0	0	0	0	0
7.	दिल्ली	2	11.2	3	23.25	1	1.25
8.	गुजरात	0	0	0	0	0	0
9.	हरियाणा	0	0	0	0	0	0
10.	हिमाचल प्रदेश	1	6	2	20	0	0
11.	जम्मू और कश्मीर	0	0	2	10	1	5
12.	झारखंड	0	0	0	0	0	0
13.	कर्नाटक	1	25	0	0	0	0
14.	केरल	0	0	0	0	0	0
15.	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	0	0	0	0	0	0
16.	मध्य प्रदेश	0	0	4	16.86	1	3.6
17.	महाराष्ट्र	2	8	2	25	1	14.06
18.	मणिपुर	6	35.23	2	3.88	2	12.5
19.	मेघालय	0	0	1	4.5	0	0
20.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0
21.	नागालैंड	0	0	0	0	1	6
22.	ओडिशा	0	0	2	21.5	2	3.1
23.	पुद्दुचेरी	0	0	0	0	0	0
24.	पंजाब	1	2	1	0.9	1	0.9
25.	राजस्थान	0	0	0	0	1	7.5
26.	तमिलनाडु	0	0	0	0	0	0
27.	तेलंगाना	0	0	0	0	0	0
28.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0
29.	उत्तर प्रदेश	0	0	0	0	0	0
30.	उत्तराखंड	0	0	0	0	0	0
31.	पश्चिम बंगाल	1	15	4	24.2	2	10.8
कुल		**15**	**108.43**	**23**	**150.09**	**17**	**96.41**

अनुलग्नक-II

दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 2116 के भाग (क) के उत्तर में 'टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के लिए वित्तीय सहायता' से संबंधित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24		2024-25		2025-26	
		संगठनों की सं.	राशि	संगठनों की सं.	राशि	संगठनों की सं.	राशि
1.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0
2.	दिल्ली	0	0	1	300	0	0
3.	गोवा	0	0	0	0	0	0
4.	जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	0	0	0	0	0	0
5.	कर्नाटक	0	0	0	0	0	0
6.	केरल	0	0	0	0	0	0
7.	मध्य प्रदेश	2	1131.52	0	0	0	0
8.	महाराष्ट्र	0	0	0	0	0	0
9.	मेघालय	0	0	0	0	0	0
10.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0
11.	नागालैंड	0	0	0	0	0	0
12.	पुद्दुचेरी	0	0	0	0	0	0
13.	राजस्थान	1	54.91	0	0	0	0
14.	तमिलनाडु	0	0	0	0	0	0
15.	उत्तर प्रदेश	1	369.57	0	0	0	0
16.	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	0
कुल		**4**	**1556**	**1**	**300**	**0**	**0**

******